


नवभारत
भोपाल, रविवार ,19 अप्रैल, 2026


## कलयुगी पुत्र ने पिता को मौत के घाट उतारा

### डांटने से नाराज होकर पिता को पीट- पीटकर किया बेदम, फिर दबाया गला, पुलिस ने किया गिरफ्तार

- थाना कोतवाली क्षेत्र के कोली मोहल्ले में हुई लोमहर्षक वारदात
- परिजनों का कहना, अक्सर मारपीट करता था आरोपी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 18 अप्रैल. शहर के गंज क्षेत्र स्थित कोली मोहल्ले में बीती रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पारिवारिक रिश्तों को झकझोर कर रख दिया है. एक बेटे ने मामूली विवाद के चलते अपने ही पिता की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उनकी मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, जबकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात गंज निवासी सोनू शाक्य का अपने पिता सुभाष शाक्य से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. बताया जा रहा है कि यह विवाद अचानक इतना बढ़ गया कि सोनू ने आपा खोते हुए अपने पिता पर हमला कर दिया. उसने सुभाष शाक्य को बुरी तरह पीटा और गला दबा दिया जिससे वे अचेत हो गए. घटना के दौरान परिवार के अन्य सदस्य और आसपास के लोग बीच-बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन तब तक सुभाष शाक्य की हालत नाजुक हो चुकी थी और सोनू वहां से जा चुका था.



सीहोर. सुभाष शाक्य को जिला अस्पताल लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया.

गंभीर हालत में परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया था. इस घटना ने पूरे मोहल्ले को स्तब्ध कर दिया और हर कोई इस अमानवीय कृत्य को लेकर आक्रोश और दुख व्यक्त कर रहा है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और जांच शुरू की. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी पुत्र सोनू शाक्य को हिरासत में ले लिया. प्रारंभिक पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस का कहना है कि हत्या के पीछे के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है, लेकिन आरोपी से सघन पूछताछ की जा रही है.

इस हृदयविदारक घटना के बाद कोली मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है. आसपास के लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है. शनिवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया. मामले में जब सुभाष शाक्य के पड़ोसियों से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि सोनू दिन भर गांजा, चरस, शराब के नशे में डूबा रहता है. उसका बड़ा भाई दीपक पेट्रोल पंप पर काम करता है तथा वह अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ पिता सुभाष, मां कृष्णाबाई के साथ मकान के निचले तल में रहता है, जबकि सोनू ऊपर वाले हिस्से में अकेला रहता था.

#### दस साल से परिवार वालों को कर रहा था परेशान

मृतक की पत्नी कृष्णा बाई ने घटना को लेकर भावुक बयान दिया. उन्होंने रोते हुए बताया कि उनका बेटा लंबे समय से परिवार को परेशान कर रहा था. उनके अनुसार, वह पिछले करीब दस वर्षों से घर में विवाद करता रहा है और अक्सर झगड़े की स्थिति पैदा करता था. उन्होंने कहा कि घटना वाले दिन भी बेटे के देर से घर आने पर जब पिता ने उसे टोका, तो उसने आक्रोश में आकर यह खौफनाक कदम उठा लिया. कृष्णा बाई ने कहा कि पिता द्वारा बेटे से सवाल करना स्वाभाविक है और उनका अधिकार भी है, लेकिन बेटे ने इसी बात को लेकर पिता की जान ले ली. उनका कहना है कि परिवार लंबे समय से बेटे के व्यवहार से परेशान था, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि स्थिति इतनी भयावह हो जाएगी.

#### पिता के साथ ऑटो में बैठकर आया अस्पताल

पिता के साथ निर्दयता से मारपीट करने के बाद सोनू घर से कुछ दूर चला गया था. जब सुभाष शाक्य को बड़ा बेटा दीपक व मां कृष्णाबाई ऑटो में लिटाकर अस्पताल ला रहे थे तो रास्ते में उसने आटो रोका और उसमें बैठकर उनके साथ अस्पताल आ गया. अस्पताल की चौकी में मौजूद पुलिसकर्मियों को बताया कि उसने ही अपने पिता के साथ मारपीट की है. इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे चौकी में बैठा लिया और थाना कोतवाली में सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस उसे अपने साथ थाने ले आई और उससे पूछताछ की जा रही है.

## सड़क हादसे में बुझा एक घर का चिराग



**बुधनी.** बीती शाम जहां एक परिवार में शादी की खुशियों की तैयारियां चल रही थीं, वहीं उसी समय एक दर्दनाक हादसे ने सब कुछ उजाड़ दिया. शोभापुर के पास स्टेट हाईवे पर अजनेरी झिरमटा मोड़ के पास हुए भीषण सड़क हादसे में 30 वर्षीय दिलीप कीर की मौके पर ही मौत हो गई. दिलीप अपने दो परिजनों के साथ बाइक से पिपरिया जा रहे थे. परिवार में भतीजी की शादी थी और वे लगुन देने के लिए निकले थे. रास्ते में एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिर पड़े. दिलीप को सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया. बाइक पर सवार राजकुमार और सतीश कीर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है. हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया दिलीप कीर एक मिलनसार और शांत स्वभाव के युवक के रूप में जाने जाते थे। खेल जगत, खासकर क्रिकेट में उनकी सक्रियता के चलते युवाओं के बीच उनकी अच्छी पैठ थी.

### एक नजर में



#### सेवा निवृत्त शिक्षाविद् राठौर का समाज ने किया सम्मान

**सीहोर.** राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा वरिष्ठ शिक्षाविद् दीप सिंह राठौर को उनकी उत्कृष्ट, समर्पित एवं प्रेरणादायी शैक्षणिक सेवाओं के लिए सम्मान पत्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया.समाज के महामंत्री डॉ. पूरन सिंह राठौर ने बताया कि दीप सिंह राठौर का प्राचार्य और व्याख्याता के रूप में कार्यकाल न केवल सराहनीय रहा, बल्कि आने वाली पीढ़ी के शिक्षकों के लिए अनुकरणीय भी है. समारोह में अध्यक्ष रामचंद्र राठौर, प्रमोद राठौर, ओमप्रकाश, राजकुमार, देवेंद्र, दीपेश व प्रेमनारायण राठौर, संजय राठौर, अजय राठौर, मुकेश मुनीम, सुनील राठौर, अशोक राठौर, सविता राठौर, भानू राठौर, प्रदीप राठौर, डॉ. दिलीप राठौर और रितेश राठौर मौजूद थे.




#### नेशनल लोक अदालत को लेकर अधिवक्ताओं की बैठक

**बुधनी.** आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रशांत कुमार ने की. बैठक में अधिवक्ताओं से आह्वान किया गया कि वे लंबित लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण में सहयोग प्रदान करें. बैठक में न्यायिक मजिस्ट्रेट सपना शिवहरे, मिताली पाठक शर्मा, अभिभाषक संघ अध्यक्ष कैलाश मालवीय, चंद्रकिशोर यादव, पवन विजयवर्गीय, सत्येंद्र जाट, पुरूषोत्तम बैरागी, मनीष परसाई, शशांक तिवारी, कपिल देव अहिरवार, नरेश गौर, निर्मला निगोटे, राजेश झारखंडे, योगेश पांडेय, अतुल अहिरवार, जगदीश चौधरी, धनंजय उपस्थित रहे.



#### आरएसआई ने मिनी बाइज को 2-0 से हराया

**सीहोर.** शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में बीती शाम को आरएसआई टीम ने सीहोर मिनी बाइज टीम को 2-0 से हराया. इसके अलावा यहां पर निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में करीब 100 से अधिक बच्चों ने अभ्यास किया. जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत एक तरफा मुकाबला खेला गया था. इसमें आरएसआई ने सीहोर मिनी को 2-0 से हराया. इसमें आरएसआई टीम की ओर से सार्थक-राजवीर ने 1-1 गोल किया. मैच देखने के लिए अनेक खेलप्रेमी उपस्थित थे.

## चेक बाउंस मामले में फरार वारंटी धराया

सीहोर. बिलकिसगंज पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने एक अन्य गिरफ्तारी वारंटी को भी पकड़कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया. पुलिस द्वारा वारंट तामीली अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में थाना प्रभारी संदीप मीणा के नेतृत्व में टीम गठित की गई. टीम ने कार्रवाई करते हुए चेक बाउंस के मामले में विगत 8 माह से फरार स्थाई वारंटी राजमल देशवाली को गिरफ्तार किया. मामला न्यायालय जेएमएफसी सीहोर में धारा 138 एन.आई. एक्ट के तहत दर्ज था. इसके अलावा पुलिस ने एक अन्य वारंटी हिरदेश नाथ निवासी फ्रीगंज, बिलकिसगंज को भी गिरफ्तार किया है.

## दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, एक गिरफ्तार

- मिलन गार्डन रोड पर दो पक्षों के बीच हुआ था विवाद
- जान से मारने की नियत से किया था आरोपियों ने हमला

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 18 अप्रैल.** मिलन गार्डन रोड पर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के मामले में पुलिस ने एक पक्ष के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वहीं दूसरे पक्ष के एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया है.



पुलिस के अनुसार 16 अप्रैल को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रोहित और संतोष परते ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से उसके जीजा अंकेश पर हमला किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं. इस पर थाना में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई. वहीं दूसरे पक्ष के रोहित बिले निवासी धौलपुर की रिपोर्ट पर अंकेश व एक बाल अपचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया.

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सीहोर रेफर किया गया. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी संतोष परते को गिरफ्तार किया. दूसरे पक्ष का एक बाल अपचारी अभिरक्षा में लिया गया है, जबकि आरोपी अंकेश एवं रोहित वर्तमान में अस्पताल में उपचाररत हैं. घायलों के स्वस्थ होने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

## गांजे के कारोबारी को पांच साल की सजा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 18 अप्रैल.** अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में विशेष न्यायालय (एनडीपीएस) ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 2000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है.

अभियोजन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना रेहटी पुलिस को 17 अक्टूबर 22 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कलवाना जोड़ क्षेत्र में मोटरसाइकिल पर अवैध गांजा लेकर किसी को सप्लाई करने के लिए खड़ा है. सूचना के आधार पर पुलिस ने सर्च वारंट प्राप्त कर टीम गठित की और मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की.

पुलिस ने संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा, जिसने पूछताछ में अपना नाम राकेश केवट (43) निवासी ग्राम रमगढ़ा, थाना रेहटी बताया। आरोपी की सहमति से तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ.

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर जांच पूरी करने के बाद न्यायालय में चालान पेश किया. मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने सशक्त साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया.

न्यायालय ने आरोपी को धारा 8(सी)/20(बी)(ii)(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 2000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक सुश्री रेखा चौरसिया द्वारा पैरवी की गई.

## परशुराम जयंती पर चल समारोह आज

**बुधनी.** भगवान भगवान परशुराम जयंती पर रविवार को नगर में भव्य चल समारोह एवं विविध धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया जाएगा. समिति अध्यक्ष सुरेंद्र बंटी शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा शाम 5 बजे वार्ड क्रमांक 6 स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर वीआईपी रोड स्थित वेदिका गार्डन फेस-1 तक निकलेगी. इस बार शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण बजरंग मंडल की टीम द्वारा ढोल-नगाड़ों की थाप पर प्रस्तुत किया जाने वाला भव्य नृत्य होगा, जो आयोजन में विशेष उत्साह और धार्मिक उमंग का वातावरण

## खेत पर बंधी सात भैंसें चुराने का आरोपी हिरासत में

- गोपालपुर पुलिस ने आरोपी के पास से भैंसें की बरामद
- चोरी के एक अन्य आरोपी की पुलिस कर रही तलाश

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 18 अप्रैल.** थाना गोपालपुर पुलिस ने पशु चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए चोरी की गई 7 भैंसों को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी अभी फरार है.

जानकारी के अनुसार निमोटा निवासी फरियादी लतीफ खां ने थाना गोपालपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके खेत पर चर रही 7 भैंसों को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं. थाना प्रभारी द्वारा विशेष टीम गठित कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया. सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर महागांव कदीम निवासी आरोपी आजाद पिता लियाकत अली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी अरबाज पिता शरीफ निवासी महागांव के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सभी 7 भैंसें बरामद कर लीं, जिनकी कीमत करीब 3.80 लाख रुपए बताई जा रही है. गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर उपजेल भैरुन्दा भेज दिया गया है. फरार आरोपी अरबाज की तलाश जारी है. इस कार्रवाई में निरीक्षक महेंद्र सिंह गौड़, उपनिरीक्षक लवेश कुमार, सहायक उपनिरीक्षक विजय यादव, प्रधान आरक्षक जीवन सिंह, आरक्षक विशाल सिंह तोमर, राजेश मीणा एवं राजीव कुमार की भूमिका रही.




शुभारंभ | नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने किया फ्लड लाइट का शुभारंभ

## दूधिया रोशनी से जगमग होगा मुखर्जी खेल मैदान

नवभारत न्यूज

**आष्टा 18 अप्रैल.** स्थानीय खिलाड़ियों की लंबे समय से चली आ रही मांग और खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में नपा ने नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी खेल मैदान पर स्टेडियम फ्लड लाइट्स का भव्य शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा किया गया.



कार्यक्रम का शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा द्वारा मुख्य बटन दबाकर किया गया. जैसे ही हाई-मास्ट लाइट्स की रोशनी से मैदान जगमगाया, वहां उपस्थित नन्हें-मुन्नें खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के चेहरे खिल उठे. सभी ने तालियां बजाकर नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि फ्लड लाइट्स लगने से खिलाड़ी दिन के साथ-साथ रात्रि में भी अभ्यास कर सकेंगे. यह सौगात नगर के भविष्य इन नन्हें खिलाड़ियों को समर्पित है। श्री मेवाड़ा ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ मैं स्वयं भी एक खिलाड़ी रह चुका हूं, खिलाड़ियों की सुख-सुविधाओं से भलीभांति परिचित हूं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मैदान पर फ्लड लाइट्स लगने से अब शहर में रात्रि कालीन क्रिकेट, फुटबॉल और अन्य खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का मार्ग प्रशस्त हो गया है. स्थानीय कोच और वरिष्ठ खिलाड़ियों ने नगरपालिका के इस निर्णय की सराहना करते हुए इसे खेल जगत के लिए एक मील का पत्थर भी बताया है. शुभारंभ अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ पार्षद एवं ब्राह्मण समाज अध्यक्ष रवि शर्मा, सकल समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह, संयोजक मुकेश नामदेव, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष भूरू मुकाती, कोच अमित बिल्लौरे, लखन साहू, बलवीरसिंह ठाकुर, रवि विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे.


### खंडन जाहिर सूचना

दिनांक 18.04.2026

मेरे पक्षकार मांगीलाल आ. श्री रामलाल निवासी कुलासखुर्द, कुलमखुर्द तहसील व जिला सीहोर म.प्र.की ओर से श्री स्वप्निल तेलंग अधिवक्ता द्वारा उनके पक्षकार श्री मुकेश आसुदानी आ.श्री किशनलाल आसुदानी की ओर से दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 14.04.2026 को ग्राम कुलासखुर्द जिला सीहोर स्थित भूमि खसरा नं. 180/2 रकबा 1.6.230 हेक्टेयर जो कि 4.00 एकड़ भूमि है जिसमें से 2.80 एकड़ भूमि के संबंध में जो विज्ञाप्ति निकाली गई है उसका खंडन इस प्रकार कर रहे है कि भूमि स्थित ग्राम कुलासखुर्द जिला सीहोर की है। इस भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार ने न तो कोई अनुबंध किया है न ही कोई बयाना राशि प्राप्त की है। श्री स्वनिल तेलंग अधिवक्ता के पक्षकार मुकेश आसुदानी द्वारा यदि कोई फर्जी अनुबंध पत्र हस्ताक्षर करके विज्ञप्ति जारी करवायी है उसका खंडन करते हैं और इस जाहिर सूचना प्रकाशित करते है कि ग्राम कुलासखुर्द जिला सीहोर के स्वत्व व आधिपत्यधारी है। उनके द्वारा कोई भूमि विक्रय नहीं की गई न ही कोई दस्तावेज किसी के पक्ष में निष्पादित किया है। इस कारण कोई भी व्यक्ति विज्ञप्ति के बहकावे में आकर मेरे पक्षकार की भूमि के संबंध में कोई दस्तावेज निष्पादित नहीं करें और यदि करते हैं तो इसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

कृपया सूचित हो।

भवदीय
संजय कुमार वर्मा अधिवक्ता,
सीहोर (म.प्र.) मो.6262708263



